बराड़ और राहुल ने वर्षाबाधित दूसरे वनडे में भारत को दिलाई जीत



वेलिंगटन। सितारों से सजे भारतीय बल्लेबाजी क्रम की शुरूआती नाकामी के बाद के एल राहुल की संयमित पारी के दम पर भारत ने वर्षाबाधित दूसरे वनडे में शनिवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर चार रन से हरा दिया ।अब भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2 . 0 से आगे है ।तीसरा मैच मंगलवार को हैमिल्टन में खेला जायेगा। जीत के लिये 47 ओवर में 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 26 ओवर में सात विकेट 113 रन पर गंवा दिये थे जब बारिश शुरू हो गई ।उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर भारत को 109 रन की जरूरत थी ।भारत ने अपने तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से न्यूजीलैंड को 41 ओवर में 134 रन पर समेट दिया ।आकिब नबी ने सात ओवर में 31 रन देकर दो विकेट लिये जबकि अंशुल कम्बोज ने आठ ओवर में 25 रन देकर दो विकेट चटकाये ।वहीं बराड़ ने दस ओवर में 30 रन देकर चार विकेट लिये जो उनके कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है ।उन्होंने शॉर्ट गेंदों का बखूबी इस्तेमाल करके मेजबान मध्यक्रम की कमर तोड़ दी ।अर्शदीप सिंह ने सात ओवर में 16 रन दिये लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिली । उन्होंने हालांकि बेहद अनुशासित और सटीक गेंदबाजी करके दबाव बनाया । भारतीय गेंदबाजों ने 176 डॉट गेंदें फेंकी । जवाब में कप्तान शुभमन गिल पहली ही गेंद पर जैकब डफी का शिकार हुए और खाता खोले बिना स्लिप में कैच दे बैठे । डफी ने विराट कोहली (सात) को भी पवेलियन भेजा ।रोहित शर्मा ने 28 गेंद में 23 रन बनाये लेकिन सीम का सामना करने में सहज नहीं दिखे। अक्षर पटेल (सात) और श्रेयस अय्यर (30) शॉर्ट गेंदों पर विकेट गंवा बैठे ।वहीं पहली 20 में से 18 डॉट गेंद खेलने वाले राहुल ने अपना संयम बनाये रखा और डफी को छक्का लगाकर टीम को सौ रन के पार पहुंचाया ।राहुल ने 38 गेंद में 26 रन बनाये। इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का सही फैसला लिया ।बारिश और मौसम को देखते हुए मैच प्रति टीम 47 ओवर का कर दिया गया था। नबी ने सबसे पहले टिम सीफर्ट (0) का विकेट लिया ।मिडविकेट पर खड़े कम्बोज ने सामने की ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ा और नबी को उनका पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट दिलाया। विल यंग ने 17 गेंद में छह रन बनाये और वह जूझते ही नजर आये ।आफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर बल्ला अड़ाकर वह विकेट के पीछे केएल राहुल को कैच देकर लौटे। हेनरी निकोल्स 26 गेंद में 11 रन बनाकर नौवें ओवर में कम्बोज की गेंद पर बोल्ड हुए ।पावरप्ले के भीतर न्यूजीलैंड के तीन विकेट 29 रन पर निकल चुके थे। पावरप्ले के बाद



बराड ने अपनी गेंदों की उछाल से बल्लेबाजों को परेशान किया ।उन्होंने एक ही ओवर में सटीक शॉर्टपिच गेंदों पर टॉम लैथम और ग्लेन फिलिप्स के विकेट चटकाये। लैथम ने बाहर की ओर जाती गेंद पर नमन धीर को कैच दिया जबकि फिलिप्स का कैच कम्बोज ने लपका । डेरिल मिचेल ने 104 गेंद पर 55 रन बनाये ।भारतीय कप्तान गिल ने मिचेल को एक जीवनदान भी दिया था जिसका फायदा उठाकर उन्होंने मिचेल सेंटनेर (38 गेंद में 31 रन) के साथ 59 रन की साझेदारी की। मिचेल को अक्षर पटेल ने कम्बोज के हाथों लपकवाकर पवेलियन भेजा।

अंडर-19 एशिया कप-पाकिस्तान से बदला चुकता करने के लिए उतरेगा भारत

अल अमेरात (ओमान)। पिछली बार अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान से पराजय झेलने वाला भारत रविवार को यहां होने वाले ग्रुप ए के महत्वपूर्ण मुकाबले में बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगा। भारत ने अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। उसने 128 रन के लक्ष्य को 19.1 ओवर में हासिल कर दिया था। वहीं, पाकिस्तान ने मेजबान यूएई के खिलाफ 37.3 ओवरों में 225 रन के लक्ष्य को हासिल करते हुए नौ विकेट से जीत दर्ज की थी। यह मैच ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम के निर्धारण को देखते हुए महत्वपूर्ण है। इसमें जीत हासिल करने वाली टीम के ग्रुप में शीर्ष पर रहने की संभावना बढ़ जाएगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। दोनों टीम ने अपने अभियान का शानदार आगाज किया है और ऐसे में रविवार को होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है। भारत के लिए बल्लेबाजी में निगाहें आर्यवीर सहवाग पर टिकी होंगी, जो पूर्व भारतीय स्टार सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे हैं और जिन्होंने नेपाल के खिलाफ सिर्फ 52 गेंदों में नाबाद 70 रन बनाकर अपनी प्रतिभा का शानदार नमूना पेश किया था। उन्होंने सात चौके और चार छक्के लगाए, जिससे उनके आक्रामक बल्लेबाजी के तरीके में उनके पिता की बल्लेबाजी शैली की झलक दिखाई दी। दूसरे छोर पर कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने 63 गेंदों पर नाबाद 53 रन बनाए जिससे भारत ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर दिया था। भारत एक बार फिर से अपनी इस सलामी जोड़ी से अच्छी शुरुआत की उम्मीद करेगा। भारतीय टीम में पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ भी शामिल हैं। उन्हें नेपाल के खिलाफ बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला, लेकिन वह विकेटकीपिंग करते नजर आए। फरहान यूसुफ की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम यूएई पर मिली शानदार जीत के बाद विशेष रूप से आत्मविश्वास से भरी होगी। यूसुफ पिछली बार भी पाकिस्तान की टीम के कप्तान थे। तब पाकिस्तान ने दुबई के आईसीसी क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में भारत को 191 रन से हराया था। भारतीय टीम अब उस हार का बदला चुकता करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। पाकिस्तान की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें सलामी बल्लेबाज उस्मान खान भी शामिल है जिन्होंने यूएई के खिलाफ पिछले मैच में नाबाद 139 रन बनाए थे। जहांगीर बिलाल और अब्दुल कादिर ने भी अच्छी फॉर्म दिखाई है, जिससे पाकिस्तान का शीर्ष क्रम मजबूत नजर आ रहा है। भारतीय गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अनुशासित गेंदबाजी करनी होगी। नेपाल के खिलाफ तीन विकेट लेने वाले ईशान सूद से फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्हें नई गेंद के उनके साथी मोहित उलवा से भरपूर सहयोग मिलने की उम्मीद है। स्पिन विभाग में बाएं हाथ के स्पिनर यशवीर गौड़ और ऑफ स्पिनर अर्जुन राजपूत ने नेपाल के खिलाफ बीच के ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट साझा किए थे।

हार्दिक पंड्या का पंजाब किंग्स में

नयी दिल्ली। आईपीएल नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली (ट्रेड) पर सहमति बन गई है। इससे स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पंजाब किंग्स जबकि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस से जुड़ जाएंगे। यह सौदा हालांकि अभी प्रस्तावित है और इसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी मिलना बाकी है। आईपीएल से जुड़े एक सूत्र ने इस ट्रेड की पुष्टि की है। सूत्र ने बताया कि हार्दिक पंड्या श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने को लेकर खुश हैं। उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर आगामी सत्र में भी पंजाब किंग्स के कप्तान बने रहेंगे। सूत्र ने कहा ट्रेड पूरा हो चुका है। हार्दिक पंजाब किंग्स में जा रहे हैं।

अडकर-भोसले ने इतिहास रचा, डब्ल्यूटीए टूर में पहुंचने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनीं



चेन्नई। भारत की वैष्णवी अडकर और रुतुजा भोसले ने डब्ल्यूटीए टूर स्तर के किसी टूर्नामेंट के युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने शनिवार को यहां चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रोमांचक सेमीफाइनल में पोलैंड की वेरोनिका फाल्कोव्स्का और अमेरिका की अलाना स्मिथ की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-2 2-6 10-8 से हराया। भारतीय जोड़ी पहला सेट आसानी से जीतने के बाद दूसरे सेट में लड़खड़ा गई लेकिन उन्होंने निर्णायक सुपर टाई-ब्रेक में संयम बनाए रखा और जीत हासिल की। यह उपलब्धि भारतीय महिला टेनिस के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे पहले किसी भी ऐसी जोड़ी ने डब्ल्यूटीए टूर स्तर के फाइनल में जगह नहीं बनाई थी जिसमें दोनों खिलाड़ी भारत की हो। शिखा ओबरॉय और उनकी बहन नेहा 2005 के सनफीस्ट ओपन और ग्वांगझू ओपन के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन नेहा ने अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया था। इस तरह से वह भारत और अमेरिका की जोड़ी बन गई थी। पूर्व भारतीय खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अपने शानदार करियर के दौरान 43 युगल खिताब जीते, लेकिन इन जीत में उन्होंने कभी भी किसी भारतीय खिलाड़ी के साथ जोड़ी नहीं बनाई। अंकिता रैना और करमन थंडी ने 2018 में डब्ल्यूटीए 125 युगल खिताब जीता, जो मुख्य टूर से एक स्तर नीचे है। इसके अलावा प्रार्थना थोम्बारे ने नीदरलैंड की अपनी साथी एरियन हार्टोनो के साथ तीन डब्ल्यूटीए 125 फाइनल में जगह बनाई। पहले सेट में अडकर और भोसले पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे और अपने प्रतिद्वंद्वियों की गलतियों का फायदा उठाते हुए 4-1 की शानदार बढ़त हासिल कर ली।

कारोबार

छोटी दिवाली पर सोना हुआ सस्त

आज 7 नवंबर 2026 को सोने-चांदी के भाव में कितना उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया है? आज छोटी दिवाली मनाई जा रही है। ऐसे में दिवाली से पहले भी सर्राफा बाजारों में बड़ी चहल-पहल देखने को मिल रही है साथ ही खरीदारी भी बढ़ जाती है। आज शनिवार होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी बाजार और घरेलू कमोडिटी बाजार पर कारोबार नहीं हो रहा है। लेकिन देश भर के सर्राफा बाजार खुले हैं। इस पूरे सप्ताह में सोने और चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। ऐसे में अगर आज आप खरीदारी करने की प्लानिंग कर रहे हैं तो पहले मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई में 24 कैरेट से लेकर 18 कैरेट गोल्ड रेट के साथ ही 1 किलो चांदी की ताजा कीमत जानना जरूरी है। आज नरक चतुर्दशी यानी छोटी दिवाली पर देश में सोने की कीमत में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। 7 नवंबर की सुबह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 18 कैरेट वाले सोने की कीमत 1.07 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास पहुंच गई है। भोपाल और इंदौर में भी भाव 1.07 लाख रुपये के करीब बिक रहा है। दूसरे शहरों में भी सोना नीचे आया है। बता दें की आज लगातार दूसरे दिन सोने की कीमत में गिरावट आई है।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड

वर्ष-38 संख्या-132559
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313

aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

सूचना

मैने अपना नाम MOHD TARIQ से बदलकर MOHAMMAD TARIQ रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-JABIR ALI ADD-426/136 WAZEER BAGH PS-SHADATGANJ CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

तारीख पेशी 19-11-2026

हेतु सन्दर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय सिधौली, जिला-सीतापुर
वाद संख्या टी20261064051504З
प्रीती बनाम रामलली प्रतिवादी

1-विश्व पाल, 2-विजय कुमार पुत्रगण स्वर्गीय राम औतार निवासी ग्राम लक्षिमनपुर, मजरा मुरहाडीह, तहसील- सिधौली, जिला-सीतापुर अंतर्गत धारा 34 उप्ररा 2006, चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रीती इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आपको इस न्यायालय में होना आवश्यक है। आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिए 19-11-2026 दिवस को 10 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा व अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस को निकाली गयी।

मोहर अदालत न्यायाधीश

फ्लिपकार्ट मिनट्स के ऑर्डर तीन गुना बढ़े

बेंगलुरू। फ्लिपकार्ट की क्विक कॉमर्स पेशकश, फ्लिपकार्ट मिनट्स पर धनतेरस, दिवाली से लेकर भाई दूज गिफ्टिंग तक के ऑर्डर 3 गुना बढ़े। 30 अक्टूबर से लेकर 5 नवंबर तक फेस्टिव एसेंशियल्स, होम एवं किचन, डेकोर और गिफ्टिंग की जबरदस्त मांग दर्ज हुई ।दियों की मांग सबसे अधिक 12 गुना बढ़ी, वहीं तोरण, रंगोली पाउडर, राइस लाइट्स और कॉटन विक्स भी काफी मांग में रहे। होम डेकोर ने 5 गुना बढ़ोत्तरी दर्ज की, वहीं डिनर सेट्स और फ्लोर लैंप को भी लोगों ने बहुत पसंद किया।

राइज़ एंड फॉल सीजन 2 के विजेता घोषित

मुंबई। अनपेक्षित दोस्ती और गहरी दुश्मनी से लेकर जीत के जश्न और निराशा के पलों तक, टावर के अंदर का सफर हमेशा उतार-चढ़ाव और रोमांच से भरा रहा! बदलती परिस्थितियों, मुश्किल फैसलों और लगातार मिलती चुनौतियों से भरे इस सफर के बाद एम एक्स ओरिजिनल राइज़ एंड फॉल सीजन 2 में शहजाद पूनावाला को विजेता घोषित किया गया है।

जीवन के अनुभवों के साथ दी जायेगी जिंदगी की सीख

मुम्बई। नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के सीजन 5 में जाकिर खान, पंकज त्रिपाठी और विकास दिव्यकीर्ति नजर आएंगे। इस दौरान वे अपनी सफलता की कहानियां, पुरानी यादें और कई मजेदार किस्से साझा करेंगे।

एचपी ने सीखने और एंटरप्राइज प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए उतारे उत्पाद

नई दिल्ली। एचपी इंडिया ने आज एचपी ओमनीबुक 5 और एचपी प्रो बुक 4 जी2आईएस लॉन्च करने की घोषणा की एचपी ओमनीबुक 5 को छात्रों की शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सहयोग देने के लिए तैयार किया गया है। वहीं एचपी प्रो बुक 4 जी2आईएस को भारत के तेजी से प्रगति कर कारोबारों और मोबाइल प्रोफेशनल्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

पिछले वर्ष की तुलना में बिक्री में बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, अगर इस दिवाली भारत की शॉपिंग कार्ट कुछ कह रही हैं, तो वह यही है कि त्योहारों की चमक में थोड़ा और रंग जोड़ने की हमेशा जगह होती है। घर को रोशन करने से लेकर लक्ष्मी पूजा की तैयारियों तक, धनतेरस पर सोने-चांदी की खरीदारी, मिठाइयों और अपनों के लिए तोहफों तक, लोगों ने इंस्टामार्ट के साथ त्योहारों की तैयारियां पहले ही शुरू कर दीं थी। दिवाली की तैयारियों की झलक घर के छोटे-छोटे बदलावों में भी दिख रही है। मोमबत्तियों और गेंदे के फूलों की खोज में पिछले साल के मुकाबले करीब 200 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

इंडस टॉवर्स ने रचा नया इतिहास

नई दिल्ली। इंडस टॉवर्स लिमिटेड, विश्व की एक सबसे बड़ी दूरसंचार टॉवर अवसंरचना कंपनी, ने भारत भर में 50,000 सोलर संचालित टेलीकॉम साइट्स को सफलतापूर्वक स्थापित कर एक नया इतिहास रच दिखाया है। इसके साथ ही, इंडस टॉवर्स व्यापक स्तर पर संधारणीय अव संरचनाओं में वैश्विक मानक स्थापित करने वाली पहली पैसिव टेलीकॉम अवसंरचना कंपनी बन गई है।

कैपिटल इंडिया फाइनेंस ने एच1 एफवाई27 में मजबूत ग्रोथ दर्ज की

मुम्बई। एमएसएमई लेंडिंग पर केंद्रित सूचीबद्ध एनबीएफसी कैपिटल इंडिया फाइनेंस लिमिटेड ने 30 सितंबर 2026 को समाप्त छमाही के लिए मजबूत ऑपरेटिंग ग्रोथ दर्ज की है ।डिस्बर्समेंट सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़कर 386.68 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 25 प्रतिशत बढ़कर 1,284.13 करोड़ रुपये हो गया। ब्याज आय सालाना आधार पर 47 प्रतिशत बढ़कर 119.01 करोड़ रुपये हो गई, जो कंपनी के मुख्य लेंडिंग कारोबार के बढ़ते पैमाने को दर्शाता है। कुल स्टैंडअलोन आय सालाना आधार पर 44 प्रतिशत बढ़कर 145.32 करोड़ रुपये हो गई।

चोला फाउंडेशन और एएसआई ने पूरी की परियोजना

मुम्बई। चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ने संस्कृति मंत्रालय के अधीन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ मिलकर ऐतिहासिक कैलासनाथर मंदिर में पर्यटकों के अनुभव को समृद्ध करने के लिए एक परियोजना पूरी की है। इस परियोजना के तहत पर्यटक सुविधाओं में सुधार किया गया है और मंदिर तथा इसके महत्व के बारे में जानकारी तक पहुंच को बेहतर बनाया गया है ।यह परियोजना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, ।

कार व दुपहिया लेने वालों को आधे घंटे में ऋण की सुविधा

मुम्बई। एक्सिस बैंक ने कार और टू-व्हीलर ग्राहकों के लिए एक डिजिटल ऑटो लोन सुविधा शुरू की है। इसे वाहन फाइनेंस कराने की प्रक्रिया को आसान और तेज़ बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिसके तहत मात्र 30 मिनट में लोन की राशि सीधे खाते में भेज दी जाती है। यह सुविधा ग्राहकों को किसी भी ब्रांड या मॉडल का वाहन चुनने की आज़ादी देती है।

रीजनल एंटरटेनमेंट ऑफर और मजबूत

मुम्बई। भारत के ओटीटी परिवेश में क्षेत्रीय भाषाओं के कंटेंट की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए, वी के कंटेंट एग्रीगेटर ऐप वी मूवीज़ एंड टीवी ने अपने रीजनल एंटरटेनमेंट ऑफर को और मजबूत किया है।

बिक्री सूचना

नीचे बताई गई संपत्तियों को, अदालती आदेशों के अनुसार बकाया राशि की वसूली के लिए, निम्नलिखित मामलों में "जैसी है, जहाँ है" (जैसी है, जहाँ है के आधार पर) और "जैसी है, वैसी है" (जैसी है, वैसी ही स्थिति के आधार पर) के आधार पर नीलामी के जरिए बेचा जाएगा:-

मामले का विवरण	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (रु.)	ईएमडी राशि (रु.)
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड बनाम शबाब हुसैन, केस नंबर- ओए/1607/25	मेक और मॉडल- मर्सिडीज जीएलएस350 डी 4 मैटिक, वाहन नंबर- UP32KX4004RE, निर्माण वर्ष- 2019, इंजन नंबर: 64282642169829, चेसिस नंबर: WDC1668236M022084RE	24,50,000 रुपये	2,45,000 रुपये

नीलामी की तारीख और समय: 26 नवंबर 2026, दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक
ईएमडी का विवरण: का डी डी/पीओ 'आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड'के पक्ष में (लखनऊ में देय) बनवाना होगा। इसे 25 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे तक या उससे पहले शाखा में जमा करना अनिवार्य है।
नीलामी का स्थान: सामिल, सर्वे नंबर 506 और 508, मनवा, तहसील सिधौली, अटरिया, जिला सीतापुर - यूपी- 261303
संपर्क व्यक्ति: संदीप उपाध्याय (8657879558) / विजय शर्मा (9372730494)

बिक्री की शर्तें

यहाँ ऊपर बताई गई संपत्ति का विवरण, हस्ताक्षरकर्ता की जानकारी और ज्ञान के अनुसार दिया गया है। हालाँकि, इस विवरण में किसी भी तरह की गलती, गलत जानकारी या कोई जानकारी छूट जाने के लिए हस्ताक्षरकर्ता जिम्मेदार नहीं होंगे। इसलिए, इच्छुक प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे अपनी भलाई के लिए, बोली (बोली) लगाने से पहले संपत्ति और उससे जुड़ी अन्य सभी जानकारियों के बारे में खुद पूरी तरह संतुष्ट हो लें। इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे EMD (बयाना राशि) की रकम का डीडी/पीओ 'आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड' (आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड) के पक्ष में बनवाएं, जो लखनऊ में देय हो। इसे अपने स्वयं द्वारा सत्यापित (स्व अभिप्रमाणित)पहचान प्रमाण, पते के प्रमाण, ईमेल पहचान प्रमाण और मोबाइल नंबर के साथ हमारे कार्यालय - आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, टीसी-13, V-IV, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 में 25 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे तक या उससे पहले जमा कर दें।
सफल बोलीदाता को, मंजूरी की तारीख से 5 दिनों के भीतर,ईएमडी की रकम को छोड़कर बाकी बची हुई बिक्री राशि का भुगतान पे-ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से करना होगा। यदि सबसे ऊंची बोली लगाने वाला व्यक्ति मंजूरी की तारीख से 5 दिनों के भीतर बाकी बची हुई राशि जमा करने में विफल रहता है, तो बैंक उसकी ईएमडी की रकम जब्त कर लेगा।
इच्छुक बोलीदाता, गिरवी रखी गई इस गाड़ी के बारे में अधिक जानकारी पाने और उसे देखने (निरीक्षण) के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, टीसी-13, V-IV, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 पर जा सकते हैं।

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank **शाखा कार्यालय:**-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड प्लॉट नंबर-23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

'सिक्योरिटाइजेशन, रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' के तहत आईसीआईसीआई बैंक के अधिकृत अधिकारी ने, धारा 13(12) और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 3 से मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, नीचे बताए गए कर्जदारों को 'डिमांड नोटिस' जारी किया था। इस नोटिस में दी गई रकम को, नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।
चूंकि कर्जदार रकम नहीं चुका पाए, इसलिए कर्जदार और आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई संपत्ति का 'सिंबॉलिक पजेशन' (प्रतीकात्मक कब्ज़ा) ले लिया गया है। यह कार्रवाई उक्त एक्ट की धारा 13(4) और संबंधित नियमों के नियम 8 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए की गई है। कर्जदार और आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे इस संपत्ति से जुड़ा कोई भी लेन-देन न करें। यदि इस संपत्ति से जुड़ा कोई भी लेन-देन किया जाता है, तो उस पर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के दावे/शुल्क लागू होंगे।

क्र.सं.	कर्जदारों/(ऋण खाता संख्या) एवं पता	सम्पत्ति का विवरण /प्रतिकात्मक कब्जे की तिथि	मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना की रकम	शाखा का नाम
1.	मेसर्स। मोहम्मद सैफ जुनैद अहमद एंड कंपनी/मोहम्मद इरफान/फिरदौस बानो/ 051505500130	आवासीय संपत्ति (जिस पर मकान बना है), जिसका क्षेत्रफल 920.00 वर्ग फुट (यानी 84.47 वर्ग मीटर) है और निर्मित क्षेत्र (निर्मित क्षेत्र) 77.638 वर्ग मीटर (आर.सी.सी.) है। यह खसरा नंबर 346 (मिन) का हिस्सा है। इसके लिए 25/09/2021 को एक 'गिफ्ट डीड' (उपहार विलेख) निष्पादित की गई थी, जिसका पंजीकरण नंबर 18282 है। यह संपत्ति ग्राम फैजुल्लागंज, नगर पालिका नवाबगंज, परगना व तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश - 225001 में स्थित है। इसके मालिक मोहम्मद इरफान हैं। संपत्ति का विवरण इस प्रकार है (920.00 वर्ग फुट यानी 84.47 वर्ग मीटर उत्तर: मोहम्मद यूसुफ का मकान, दक्षिण: लोनिया का प्लॉट, पूर्व : हाजी जी का मकान, और पश्चिम : 8 फुट चौड़ा इंटर-लॉकिंग मार्ग है। सांकेतिक कब्जे (प्रतीकात्मक कब्ज़ा) की तारीख 06 नवंबर 2026 है।	06 फरवरी, 2026 रु. 32,75,384.97/-	बाराबंकी

उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटरों को इस नोटिस के माध्यम से 30 दिनों के भीतर बकाया राशि चुकाने के लिए कहा जाता है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002' के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार, इस नोटिस के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिन बाद गिरवी रखी गई संपत्तियों को बेच दिया जाएगा।

दिनांक :-08 नवंबर 2026
स्थान :-बाराबंकी

अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिये

साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सतर्कता और जन-जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच



लखनऊ। इस अवसर पर बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुनील कुमार ने स्टाफ सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने म्यूल खातों की पहचान, केवाईसी की समुचित जांच तथा संदिग्ध लेन-देन की तत्काल रिपोर्टिंग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की थोड़ी सी सजगता और समय पर की गई कार्रवाई से बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी को रोका जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में देश भर में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं एवं बीसी केन्द्रों के माध्यम से 15000 से ज्यादा ग्राम सभाओं में एवं 1400 स्कूल/कॉलेजो में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा एवं साईबर फ्राड से बचने संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए. इससे पूर्व बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सतर्कता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज से सावधान रहने का संदेश दिया गया । कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक (साइबर अपराध) श्री अरुण कुमार ने भी साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों और उनसे बचाव के व्यावहारिक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।कार्यक्रम में बैंक के अंचल प्रमुख डी.के. अर्जवानी ने भी सभी सदस्यों को साइबर अपराध से बचने के तरीकों पर चर्चा की एवं आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में संजय कुमार , क्षेत्रीय प्रमुख एवं कार्यालय के सहायक महाप्रबंधकों अंशुमान सिंह हरपाल सिंह , राकेश कुमार , सहायक महाप्रबंधक हजरतगंज शाखा सहित वरिष्ठ अधिकारी, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

कार्यालय नगर पंचायत हैदराबाद, जनपद-उन्नाव

पत्रांक : 290/सीव0ज0नि0 यो0/ई-नि0सू0/न0पं0है0/2026-27 दिनांक : 06.11.2026

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत हैदराबाद, उन्नाव में ई-टेण्डरिंग के अन्तर्गत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-524/2026/नौ-5-2026/001-Com.No.-2090168 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 23 सितम्बर, 2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में **"सीवरेज एवं जल निकासी योजना"** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत हैदराबाद की सीमान्तर्गत कराये जाने वाले विकास कार्यो हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्य हेतु ई-निविदा डाल सकता है। नगर में कराये जाने वाले कार्यों का विवरण ऑनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा।

(a)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि	07.11.2026
(b)	वेबसाइड पर ऑनलाइन निविदा डाउन लोड की तिथि	07.11.2026
(c)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय	28.11.2026 को सायं. 5:00 बजे तक
(d)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय	30.11.2026 को प्रातः 11 बजे
(e)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय	तकनीकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त
(f)	ई-निविदा खेलने का स्थान	कार्यालय नगर पंचायत हैदराबाद, उन्नाव।

1. निविदा की सम्पूर्ण सेवा शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
2. विस्तृत विवरण हेतु **http://etender.up.nic.in** को खोले व निविदा डाउनलोड करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत हैदराबाद
उन्नाव

अध्यक्ष
नगर पंचायत हैदराबाद
उन्नाव